मैं इस तरह के मुहावरे नहीं कहना चाहता हूं। मैं काफी समय से उम्मीदों के बोझ तले जी रहा था। मेरे लिए क्रिकेट मेरी जिंदगी का लक्ष्य है। अब मैं उस स्टेज पर हूं जहां मैं बाहरी शोर को पहले से बेहतर तरीके से अनदेखा कर रहा हूं।

-आर अश्विन

भारतीय क्रिकेटर, अपने प्रदर्शन के बारे में

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

श्रेयस अय्यर

भारत ने न्यूजीलैंड को कानपुर में जारी पहले टेस्ट मैच में जीत के लिए 284 रन का टारगेट दिया है। यह भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का डेब्यू टेस्ट रहा, जिसमें उन्होंने अपनी चमक बिखेरी है। भारत की पहली पारी में श्रेयस अय्यर ने 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 105, जबकि दूसरी इनिंग में 9 बाउंड्री की मदद से 65 रन बनाए। इसी के साथ अय्यर डेब्यू टेस्ट की दोनों पारियों में 50 रन बनाने वाले पहले भारतीय बन गए। अय्यर ने इस मैच में कुल 170 रन बनाए। इन दोनों पारियों के साथ वह पदार्पण टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले तीसरे भारतीय खिलाडी बन गए।

क्या आप जानते हैं ?... 2006 में राष्ट्रमण्डल खेलों में भारत हॉकी महिला टीम ने न्यूजीलैण्ड की टीम को हराया।

हार्दिक पंड्या ने खुद टीम इंडिया में आने से मना किया

नई दिल्ली 28 नवम्बर। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 सीजन और फिर टी-20 वर्ल्ड कप में पूरी तरह फ्लॉप रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अब कोई जल्दबाजी करने के मूड में नहीं हैं। आईपीएल और वर्ल्ड कप में वे पूरी तरह से फिट नहीं थे, इसके बावजूद उनका सिलेक्शन हुआ और वे दोनों टूर्नामेंट खेले भी। हालांकि, वे कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके। ऐसे में उनकी जमकर आलोचना भी हुई।

आजतक को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि अब हार्दिक पंड्या ने सिलेक्शन कमेटी को साफ लफ्जों में कह दिया है कि जब तक वे पूरी तरह फिट नहीं हो जाते, तब तक उन्हें किसी भी सीरीज के लिए सिलेक्ट नहीं किया जाए। हार्दिक ने कहा कि वे पूरी तरह फिट होकर ही किसी सीरीज में सिलेक्ट होने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

अय्यर का रिकॉर्ड, साहा का नाबाद अर्धशतक, भारत को आखिरी दिन नौ विकेट की जरूरत

कानपुर, 28 नवंबर। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट महज 51 रन पर गंवाने के बावजूद भारत ने बल्लेबाजी की गहराई को दर्शाते हुये रविवार को चौथे दिन सात विकेट पर 234 रन बनाकर पारी समाप्ति की घोषणा की और मेहमान टीम को जीत के लिये 284 रनो का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में कीवी टीम ने एक विकेट गंवा कर चार रन बना लिये थे।

ठीनपार्क मैदान पर भारत ने अपनी पहली पारी में 345 रन बनाये थे जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी 296 रन पर सिमट गयी थी। पहली पारी में 49 रन की महत्वपूर्ण लीड लेने के बाद भारत ने आज दूसरी पारी सात विकेट पर 234 रन पर घोषित कर दी। मेहमान टीम की दूसरी पारी के आज महज चार ओवर के खेल मे रविचंद्रन अश्विन ने सलामी बल्लेबाज विल यंग को महज दो रनों के निजी स्कोर पर पगबाधा आउट कर भारतीय टीम को जीत की ओर एक कदम चलवा दिया। दिन का खेल खत्म होने के समय टाम लाथम (2) और नाइट वाच मैन की भूमिका में विलियम सोमरविल बगैर खाता खोले क्रीज पर डटे हुये थे।

इससे पहले भारतीय टीम ने दूसरी पारी में अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 14 रन से आगे खेलना शुरू किया और लंच तक अपने एक के बाद एक चार विकेट गंवा दिये। लंच पर भारत का स्कोर पांच विकेट पर महज 84 रन था। लंच के समय पहली पारी के शतकवीर श्रेयस अय्यर 18 और रविचंद्रन अश्विन 20 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुये थे। भोजनावकाश के बाद भी श्रेयस और अश्विन

की जोड़ी ने संभल कर खेलते हुये अर्धशतकीय साझीदारी की मगर इस बीच अश्विन 32 रन के निजी स्कोर पर काइल जैमिसन का शिकार बने। बाद में श्रेयस और नये बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (61 नाबाद) ने खेलना शुरू किया और श्रेयस ने आठ चौकों और एक छक्के की सहायता से 65 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली।

पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में अर्धशतक लगाने का कारनामा करने वाले श्रेयस पहले भारतीय टेस्ट बल्लेबाज बने। वह टिम साउदी की गेंद पर विकेटकीपर ब्लेंडल के हाथो लपके गये। श्रेयस ने 125 गेंदों पर 65 रन में आठ चौके और एक छक्का लगाया। श्रेयस के आउट होने के समय भारत का स्कोर सात विकेट पर 167 रन था और भारतीय पारी के जल्द खत्म होने की संभावना जतायी जाने लगी थी मगर चोटिल साहा ने ठोस बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये अपने जोड़ीदार अक्षर पटेल (28 नाबाद) के साथ कीवी गेंदबाजों को भारतीय बल्लेबाजी की गहराई का अहसास कराया।

मैदान पर कम होती रोशनी के बीच भारतीय कप्तान आंजिक्य रहाणे ने पारी के 81वें ओवर के बाद पारी समाप्ति का घोषणा कर दी। साहा 126 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के सहारे 61 रन बनाकर नाबाद लौटे। यह उनका छठा अर्धशतक था। पटेल ने 67 गेंदों पर नाबाद 28 रन में दो चौके और एक छक्का लगाया।

सोमवार मैच का अंतिम दिन है जिसमें भारतीय टीम सुबह के सत्र में ही कुछ विकेट झटकने के साथ मेहमानो को दवाब मे लाने की कोशिश करेंगे। न्यूजीलैंड को आज पहली सफलता चेतेश्वर पुजारा (22) के विकेट के तौर पर मिली जो काइल जेमिसन की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। पारी के 15वें ओवर में एजाज पटेल ने नये बल्लेबाज कप्तान आंजिक्य रहाणे को मात्र चार रन के

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी 345 रन
न्यूजीलैंड पहली पारी 296

भारत दूसरी पारी	रन	गेंद	4	6
मर्यंक का लाथम बो साउदी	17	53	3	0
शुभमन गिल बो जैमिसन	01	3	0	0
पुजारा का ब्लंडेल बो जैमिसन	22	33	3	0
अजिंक्या रहाणे बो एजाज पटेल	04	15	1	0
श्रेयस का ब्लंडेल बो साउदी	65	125	8	1
जडेजा पगबाधा बो साउदी	00	2	0	0
आश्विन बो जैमिसन	32	62	5	0
रिंधिमान साहा अविजित	61	126	4	1
अक्षर पटेल अविजित	28	67	2	1

अतिरिक्त : 04
कुल : 81ओवर में सात विकेट पर 234 रन पारी घोषित
गेंदबाजी:-टिम साउदी 22-2-75-3, काइल जैमिसन 17-6-40-3, एजाज पटेल 17-3-60-1, रचिन रवींद्र 9-3-17-0, सोमरविले 16-2-38-0

न्यूजीलैंड दूसरी पारी

टॉम लाथम खेल रह	02	13	0	0
विल यंग पगबाधा बो अश्विन	02	6	0	0
विलियम सोमरविले खेल रहे	00	5	0	0

अतिरिक्त :00
कुल: चार ओवर में एक विकेट पर चार रन
गेंदबाजी:-रविचंद्रन अश्विन 2-0-3-1, अक्षर पटेल 2-1-1-0

निजी स्कोर पर पगबाधा आउट कर भारतीय उम्मीदों को करारा झटका दिया। मैच से पहले आउट आफ फार्म चल रहे पुजारा और रहाणे से खेल प्रेमियों को काफी आशायें थी मगर अब इसके लिये उन्हे अगले मैच का इंतजार करना पड़ेगा। भारत की दूसरी पारी अभी संभली नहीं थी कि टिम साउदी ने मयंक अग्रवाल (17) को टाम लाथम के हाथो कैच आउट करा कर चौथा झटका दिया जबकि नये बल्लेबाज रविन्द्र जडेजा को पगबाधा आउट किया। पहली पारी में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले जडेजा दूसरी पारी अपना खाता भी नहीं खोल सके थे और मात्र दो गेंद खेलने के बाद पवेलियन लौट गये।

मुशफिकुर रहीम बनें बांग्लादेश के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

बांग्लादेश 28 नवम्बर। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच दो टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मुकाबला चैटोठाम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में मेजबान टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने इतिहास रच दिया है। मुशफिकुर अब बांग्लादेश के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ दूसरी पारी में उन्होंने यह कारनामा किया। मुशफिकुर से पहले यह रिकॉर्ड सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल के नाम था। उन्होंने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में 39.57 की औसत से 4788 रन बनाए हैं। बात मुशफिकुर के टेस्ट करियर की करें तो उन्होंने अभी तक 76 मुकाबले खेले हैं जिसमें 37.44 की औसत से उन्होंने 4793 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 24 अर्धशतक और 7 शतक जडे हैं।

मिताली और झूलन को आराम, विश्व कप के लिए दावा पेश करेंगी 60 महिला क्रिकेटर

नयी दिल्ली, 28 नवम्बर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू सीनियर महिला वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। चार टीमों का यह टूर्नामेंट चार से नौ दिसंबर के बीच विजयवाड़ा में खेला जाएगा।

हालांकि इस टूर्नामेंट के लिए सीनियर खिलाड़ियों मिताली राज, झूलन गोस्वामी, और महिला बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलीं आठ में से सात खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।

इस बार इस टूर्नामेंट में तीन की जगह चार टीमें खेलेंगी। अगले साल न्यूजीलैंड में होने वाले विश्व कप से पहले बोर्ड कई नए युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर मौक़ा देना चाहता है।

महिला बीबीएल में खेलीं राधा यादव एकमात्र ऐसी खिलाड़ी हैं, जो ऑस्ट्रेलिया से लौट कर इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। उन्हें टी20 विशेषज्ञ माना जाता है और वह वन डे टीम के लिए अपना दावा करना चाहती हैं। बीबीएल में भाग लेने वाली अन्य सात खिलाड़ियों को यह विकल्प दिया गया था कि वह इस टूर्नामेंट में खेलें या नहीं, क्योंकि वे जून-जुलाई के इंग्लैंड दौरे से लगभग लगातार ही बबल में थीं।

स्नेह राणा, तानिया भाटिया, शिखा पांडे और पूजा वस्त्रकर को क्रमशः इंडिया ए, बी, सी और डी टीमों का कप्तान बनाया गया है। प्रत्येक टीम में कुल 15 खिलाड़ी हैं।

चारों टीमें इस प्रकार हैं: **इंडिया ए:** स्नेह राणा (कप्तान), शिवली शिंदे, लक्ष्मी यादव, वृंदा दिनेश, झांसी लक्ष्मी, यास्तिका भाटिया, सुश्री दिव्यदर्शनी, महक केसर, बी. अनुषा, एस.एस. कलाल, गंगाडब्ल्यू, डी.डी. कसात, रेणुका सिंह और सिमरन दिल बहादुर

इंडिया बी: तानिया भाटिया (कप्तान), अंजू तोमर, रिया चौधरी, पलक पटेल, शुभा सतीश, हरलीन देओल, हुमैरा काज़ी, चंदू वी राम, राशि कनौजिया, जी.तृषा, सौम्या तिवारी, मेघना सिंह, सरला देवी, साइमा ठाकुर और राम्याश्री

इंडिया सी: शिखा पांडे (कप्तान), मुस्कान मलिक, श्वेता वर्मा, शिप्रा गिरी, तरन्नुम पठान, आरती देवी, राधा यादव, सी. प्रत्यूषा, अनुष्का शर्मा, काशवी गौतम, प्रियंका गरखेडे, आरआर साहा, धारा गुर्जर, प्रिया पुनिया और ऐश्वर्या

इंडिया डी: पूजा वस्त्रकर (कप्तान), अमनजोत कौर, इंद्राणी रॉय, के. प्रत्यूषा, एस. मेघना, दिव्या जी, आयुषी सोनी, कनिका आहूजा, कीर्ति जेम्स, राजेश्वरी गायकवाड़, संजुला नाइक, मोनिका पटेल और अश्विनी कुमारी

डेविस कप फाइनल्स में जोकोविक सर्बिया को नहीं दिला पाए जीत, जर्मनी से मिली हार

वाशिंगटन, 28 नवम्बर। विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाडी नोवाक जोकोविक ने सिंगल्स और पुरुष डबल्स दो मुकाबले खेले लेकिन इसके बावजूद वह अपनी टीम सर्बिया को डेविस कप फाइनल्स टूर्नामेंट के ठाुप चरण में जर्मनी के खिलाफ जीत नहीं दिला पाए।

कोरोना वायरस पाबंदियों के कारण खाली स्टेडियम में हुए मुकाबले में डोमीनिक कोफर ने फिलिप क्राजिनोविक को 7-6, 6-4 से हराकर जर्मनी को 1-0 से बढत दिलाई। लेकिन नोवाक जोकोविक ने अपने 50वें डेविस कप मुकाबले में जेन-लेनार्ड स्ट्रफ को 6-2, 6-4 से हराकर सर्बिया को 1-1 से बराबरी दिला दी। संक्षिप्त ब्रेक के बाद जोकोविक डबल्स मुकाबले के लिए उतरे लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। जोकोविक ने निकोला सेसिक के साथ जोड़ी बनाकर डबल्स मुकाबले में उतरे। टिम पुएट्ज और केविन क्राविट्ज की जोडी ने कडे मुकाबले में जोकोविक और निकोला की जोडी को 7-6, 3-6, 7-6 से शिकस्त देकर जर्मनी को 2-1 से जीत दिला दी। डबल्स मुकाबला हारने के बाद जोकोविक ने अपना रैकेट गुस्से में कोर्ट पर फेंक दिया। सर्बिया की टीम अब भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती है। छह ठाुप विजेता और दो उप विजेता अंतिम-आठ में जगह बनाएंगे। जर्मनी की टीम ठाुप-एफ में आस्ट्रिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर सकती है जबकि आस्ट्रिया को सर्बिया ने हराया था।

भारत ने पोलैंड को 8-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

भुवनेश्वर, 28 नवम्बर। ओडीसा में चल रही जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने तीसरे मुकाबले में पोलैंड को 8-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना जगह बनाई है। इस मुकाबले में संजय, हुंडल अरइजीत सिंह और सुदीप चिरमाको ने 2-2 गोल दागे जबकि उत्तम सिंह और शारदानंद तिवारी ने 1-1 गोल किया। पोलैंड के लिए वोज्सेच रुत्कोव्स्की और रॉबर्ट पॉवलक ने 1-1 गोल किया। भारत के पहले 2 मैचों में हैट्रिक बनाने के बाद उप कप्तान संजय ने शानदार फॉर्म जारी रखी जबकि कनाडा के खिलाफ हैट्रिक करने वाले हुंडाल ने भी इस मैच में 2 गोल दागे। भारतीय जूनियर हॉकी टीम का सामना अब एक दिसंबर को क्वार्टर फाइनल में पिछले चरण की उप विजेता बेल्जियम से होगा। बेल्जियम ने पूल-ए में गोल अंतर में मलेशिया को पछाड़ा क्योंकि दोनों टीमों के 7-7 अंक थे। टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में भारत को फ्रांस से हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में भारत को क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का करने के लिए दोनो मैच जीतना जरूरी था। भारत ने पहले कनाडा को 13-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल के लिए अपनी उम्मीद बनाए रखी थी। वहीं पोलैंड के खिलाफ मुकाबला उसके लिए करो या मरो जैसा था। टार ड्रैग फ्लिकर संजय ने चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से टीम के लिए पहला गोल किया। यह उनका टूर्नामेंट का सातवां गोल था। इसके ठीक चार मिनट बाद भारत ने अपनी बढ़त दो गुनी कर दी। जिसमें फिर गोल पेनल्टी कॉर्नर से हुआ लेकिन यह गोल हुंडाल ने किए। फिर 24 वें मिनट में सुदीप ने शानदार मैदानी गोल से भारत की बढत तीन गुनी कर दी।

अर्जेंटीना से हारकर पाकिस्तान बाहर

भुवनेश्वर, 28 नवम्बर। पाकिस्तान की टीम अर्जेंटीना से रविवार को बेहद नजदीकी मुकाबले में 3-4 से हारकर जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल की होड से बाहर हो गयी। पाकिस्तान को तीन मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा जबकि अर्जेंटीना ने दूसरी जीत हासिल की और उसने छह अंकों के साथ अंतिम आठ में स्थान बना लिया। अर्जेंटीना ने मैच के 10वें मिनट में बतिस्ता कापुरो के गोल से बढ़त बनायी। पाकिस्तान को कप्तान अब्दुल राणा ने 17वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल कर बराबरी दिला दी। अर्जेंटीना ने 20वें मिनट में इग्नेसियो नारदोलिलो के गोल से फिर बढ़त बना ली। रिजवान अली ने 28वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर पाकिस्तान के लिए फिर बराबरी का गोल दाग दिया। फ्रांसिस्को रुइज ने 30वें मिनट में अर्जेंटीना को 3-2 से आगे किया जबकि इग्नेसियो इबारा ने 47वें मिनट में अर्जेंटीना को 4-2 की मजबूत बढ़त दिला दी। अकील अहमद ने 53वें मिनट में मिले पेनल्टी कार्नर पर पाकिस्तान का तीसरा गोल दागा। लेकिन उसके बाद उसे बराबरी का गोल नहीं मिल पाया और उसे बाहर हो जाना पड़ा।

बंगलादेश ने गंवाए 4 विकेट

चटगांव, 26 नवम्बर। लेफ्ट आर्म स्पिनर तेजुल इस्लाम ने घातक गेंदबाजी करते हुए 116 रन पर सात विकेट लेकर पाकिस्तान को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को पहली पारी में 286 रन पर समेट दिया। बंगलादेश को पहली पारी में 44 रन की बढ़त हासिल हुई।लेकिन दूसरी पारी में बंगलादेश ने लड़खड़ाती शुरुआत करते हुए अपने चार विकेट मात्र 39 रन तक गंवा दिए। बंगलादेश के पास अब कुल बढ़त 83 रन की हो गयी है और उसके छह विकेट बाकी हैं। इससे पहले पाकिस्तान के आबिद अली ने 93 रन से आगे खेलते हुए 282 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 133 रन बनाये जबकि अब्दुल्लाह शफीक अपने कल के 52 रन के स्कोर में कोई इजाफा किये बिना आउट हो गए। अजहर अली का खाता नहीं खुला और कप्तान बाबर आजम 10 रन बनाकर हसन मिराज का शिकार बने। फहीम अशरफ ने 80 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के के सहारे 38 रन बनाकर टीम को 286 रन तक ले गए और आखिरी बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। तेजुल इस्लाम ने 44.4 ओवर में 116 रन देकर सात विकेट हासिल किये।

अश्विन ने की हरभजन की बराबरी

कानपुर, 28 नवम्बर। भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने न्यूज़ीलैंड की दूसरी पारी में विल यंग को पगबाधा कर अपना 417वां अंतर्राष्ट्रीय विकेट लिया और इसके साथ ही वह भारत के महानतम ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह की बराबरी पर पहुंच गए। 35 वर्षीय अश्विन के इस मैच से पहले तक 413 विकेट थे। पहली पारी में तीन विकेट लेकर उन्होंने अपने विकेटों की संख्या 416 पहुंचा दी और दूसरी पारी में अपना पहला विकेट लेने के साथ ही उनके 417 विकेट हो गए। हरभजन ने 103 टेस्टों में 417 विकेट लिए थे जबकि अश्विन अपने 80 वें टेस्ट में इस उपलब्धि तक पहुंचे हैं। अश्विन इसके साथ ही टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की सूची में 13 वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके पास कानपुर टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन हरभजन से आगे निकलने का पूरा मौका रहेगा।

स्पेन क्वार्टरफाइनल में

भुवनेश्वर, 28 नवम्बर। स्पेन ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई टीम दक्षिण कोरिया को रविवार को 9-0 से करारी शिकस्त देते हुए जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के पूल सी से क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। स्पेन की तरफ से पेप कुनील ने 19वें और 40वें मिनट में,इग्नेसियो अबाजो ने 35वें और 44वें मिनट तथा पायो कुनील ने 55वें और 58वें मिनट में दो-दो गोल किये। गुइलर्मो फोर्च्युनो ने आठवें मिनट में पहला गोल किया। एडवर्ड सिमो डी इग्नेसियो ने 24वें मिनट में टीम का तीसरा गोल दागा। राफेल विलालांगा ने 51वें मिनट में टीम का अन्य गोल किया। स्पेन की तीन मैचों में यह दूसरी जीत रही और वह ठाुप में हॉलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहा।

भारतीय चुनौती समाप्त

ह्यूस्टन, 28 नवम्बर। भारतीय जोड़ियों की क्वार्टरफाइनल में हार के साथ विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत की चुनौती समाप्त हो गयी। मणिका बत्रा और जी सत्यन की मिश्रित युगल जोडी तथा अर्चना कामथ और मणिका बत्रा की महिला युगल जोड़ी को अपने सम्बंधित क्वार्टरफाइनल मैचों में हार का सामना करना पडा। महिला युगल क्वार्टरफाइनल में मणिका और अर्चना को लक्समबर्ग की सराह दी नुत्ते और नी जिया लियॉन से एकतरफा अंदाज में 0-3(1-11, 6-11, 8-11) से हार का सामना करना पड़ा। बाद में मिश्रित युगल में मणिका और सत्यन को जापानी जोड़ी तोमाकाजू हरिमोत्तो और हिना हयाता से 1-3 (5-11, 2-11, 11-7, 9-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी।

विजय चौथे स्थान पर रहे

नई दिल्ली, 28 नवम्बर। राजस्थान के भावेश शेखावत ने 64वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप के पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में रविवार को स्वर्ण पदक अपने किया जबकि वापसी करने वाले ओलिंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार चौथे स्थान पर रहे। विजय कुमार के इस प्रदर्शन ने सबको चौंका दिया। भावेश शेखावत का यह पहला खिताब था और इसी स्पर्धा का रजत पदक सेना के गुरप्रीत सिंह ने जीता। शेखावत ने आठ सीरीज के फाइनल में 40 में 33 हिट से पहला स्थान हासिल किया।

हॉलैंड क्वार्टरफाइनल में

भुवनेश्वर, 28 नवम्बर। माइल्स बुकेंस के पांच गोलों की बदौलत हॉलैंड ने अमेरिका को रविवार को 14-0 से रौंदकर जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में पूल सी से शीर्ष टीम के रूप में स्थान बना लिया। बुकेंस ने 11, 12, 31, 33 और 51वें मिनट में पांच गोल दागे। वान बिजनेन ने 14, 25, 44वें मिनट और ल्यूक डोमरसुइजज़ें ने 16, 33, 57वें मिनट में तीन-तीन गोल दागे।

ग्रीनपार्क पर दर्शक उड़ा रहे हैं घर की बनी पूरी सब्जी की दावत

कानपुर, 28 नवंबर। कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दौरान दर्शक दीर्घाओं में न सिर्फ कोविड प्रोटोकाल की धज्जियां खुलेआम उडाई जा रही है बल्कि नियमों को दरकिनार कर दर्शकों को टिफिन बॉक्स और पानी की बोतलों के साथ बगैर मास्क प्रवेश दिया जा रहा है।

रविवार को ग्रीनपार्क की सभी दर्शक दीर्घायें पूरी तरह भरी थीं। प्रवेश द्वार पर लंबी कतारों में लगे दर्शकों में से अधिकांश के चेहरे पर मास्क नदारद था जबकि कई अपने कंधों पर बैग टांगे हुये थे। प्रवेश के समय तैनात कर्मी दर्शकों की जेब में पडे सिक्कों को अंदर नहीं ले जाने दे रहे थे मगर दूसरी ओर बैग के अंदर पडे सामान पर उनकी कोई नजर नहीं थी और न हीं थर्मल स्कैनिंग और सेनेटाइजर वगैरह के कोई इंतजाम थे।

दर्शक दीर्घा में गंदगी का आलम इस कदर दिखा कि चलना फिरना दूभर था। जगह जगह पडे चिप्स के रैपर,कोल्ड ड्रिंक्स के गिलास माहौल को असहज बना रहे थे। स्टैंड पर कई दर्शक घर से लाई पूडी सब्जी को मजे से खा रहे थे और पानी की बोतल से गला तर कर रहे थे। नियमो का पालन कराने के जिम्मेदार यूपीसीए के अधिकारी सारा दिन जिला प्रशासन के आला अधिकारियों और निकट संबंधियों के स्वागत सत्कार में व्यस्त थे जबकि पुलिसकर्मी मजे से मैच का मजा ले रहे थे।

दर्शक दीर्घाओं में सामाजिक दूरी को कोई अनुपालन नहीं किया गया जबकि मास्क वगैरह तो दूर की बात थी। लोगबाग सेल्फी लेने में मशगूल दिखायी पडे। शौचालय गंदगी से बजबजा रहे थे। यहां तक कि डायरेक्टर पवेलियन के प्रवेश द्वार के पास मैच शुरू होने के बाद भी गंदगी को साफ नहीं किया गया था और उसे तिरपाल से ढक दिया गया था।

गौरतलब है कि टेस्ट मैच शुरू होने से पहले जिला प्रशासन ने नियमों की एक सूची प्रकाशित की थी जिसके अनुसार लोगों को बगैर मास्क प्रवेश नहीं दिया जायेगा। दर्शक कोई भी सामान के साथ स्टैंड पर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। दर्शकों को सामाजिक दूरी का पालन करना होगा मगर ये सभी कानून कागजी साबित हुये। इस कृत्य के गवाह टीवी प्रसारण के जरिये देश दुनिया के करोडों लोग बने।

विक्रम राठौर ने पुजारा और रहाणे पर भरोसा जताया

कानपुर, 28 नवम्बर। अपने पहले टेस्ट में शतक और अर्धशतक बनाने वाले पहले भारतीय बने श्रेयस अय्यर की बढ़िया बल्लेबाज़ी के बाद सभी की नजरें चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे पर हैं। अगले हफ़्ते के मुंबई टेस्ट के लिए कप्तान विराट कोहली टीम में वापसी कर रहे हैं। अय्यर को अगले टेस्ट के लिए टीम में बरकरार रखा जाएगा या नहीं, इसके बारे में भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने कोई संकेत दिए बिना अपने दो अनुभवी बल्लेबाजों पर भरोसा जताया है।

विशेष रूप से राठौर से जब सवाल किया गया कि दो सीनियर क्रिकेटरों का खराब फॉर्म कितनी बडी चिंता का विषय है तो राठौर ने कहा, "बेशक हम चाहते हैं कि हमारा शीर्ष क्रम योगदान दें, लेकिन आपने जिन क्रिकेटरों का उल्लेख किया है, उन्होंने 80 और 90 टेस्ट मैच खेले हैं। उनके पास अनुभव है। जाहिर है कि इतने मैच खेलने के लिए उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया होगा। मैं समझता हूं कि दोनों खराब दौर से गुजर रहे हैं लेकिन उन्होंने अतीत में हमारे लिए कई महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। हमें पूरा यकीन है कि वे फॉर्म में वापसी करेंगे और भविष्य में भी हमारी टीम के लिए और भी महत्वपूर्ण पारियां खेलेंगे।"

पिछले 16 टेस्ट मैचों में बॉक्सिंग डे टेस्ट में शतक के साथ रहाणे की औसत 24.39 की रही है। इस मैच में 35 और चार रनों की पारियां खेलने के बाद उनके करियर की औसत गिरकर 40 से नीचे चली गई है। घरेलू परिस्थितियों में उन्होंने 35.73 के औसत से रन बनाए हैं। वहीं दूसरी तरफ 2018-19 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से पुजारा के बल्ले से एक भी शतक नहीं निकला है और उनकी औसत 28.61 की रही है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में उन्होंने कई अहम पारियां जरूर खेली लेकिन पूरी तरह अपनी लय प्राप्त नहीं कर पाए।

इसी के कारण इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट महज़ 36.1 का रहा है। इस मैच में उन्होंने क्रमशः 26 और 22 रन बनाए। एक समय पर भारत 51 रन पर पांच विकेट गंवाकर नाजुक स्थिति में था। बढ़त 100 की थी और पिच बाकी भारतीय पिचों की तुलना में कम बिखरी थी। उस मुश्किल स्थिति में पिच की धीमी गति और एक विश्व स्तरीय विपक्षी स्पिनर की कमी का साथ मिला जो तेज गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन को आगे नहीं बढ़ा पाया। अय्यर और ऋद्धिमान साहा ने पहले भारत को मुश्किल से बाहर निकाला और फिर सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए इस मैच को न्यूजीलैंड की पकड से बहुत दूर भेज दिया है। अगर भारत इस समय नाजुक स्थिति में होता तो रहाणे और पुजारा पर और उंगलियां उठाई जाती। इसके बावजूद राठौर से पूछा गया कि अगर उनके बल्ले से रन नहीं आ रहे हैं तो अतीत में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को और कितने मौके दिए जाएंगे।

राठौर ने जवाब में कहा, "मुझे नहीं लगता कि हम इसमें कोई निर्धारित संख्या डाल सकते हैं। यह टीम की स्थिति और जरूरतों पर निर्भर करेगा।" तो क्या होगा जब कोहली वापस आएंगे? राठौर ने कहा, "मुझे पता है कि कप्तान मुंबई में टीम में वापस आएंगे।

हम उस नतीजे पर तब पहुंचेंगे जब हम मुंबई में होंगे। फिलहाल हम मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अभी भी एक दिन का खेल खेला जाना है और नतीजा निकालना है। इसलिए हमारा ध्यान इस मैच पर हैं।" क्या आप इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि अय्यर अगला टेस्ट खेलेंगे?

राठौर ने कहा, "यह फैसला हम तब लेंगे जब हम मुंबई पहुंचेंगे।" यह बेशक कठिन निर्णय होंगे लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि विकल्पों की कमी होने की बजाय बाहर बैठे खिलाडी एकादश में मौजूद खिलाडियों पर दबाव बनाए रखें।ऐसी ही स्थिति विकेटकीपिंग विभाग में भी चल रही है।